भारत सरकार
पंजीयन संख्या:
RAJHIN/2010/45988
सांध्यकालीन ऑनलाइन अखबार

# देवेन्द्र वाणी

निष्पक्ष व निर्भिक समाचार-पत्र

वर्ष : 2, अंक : 297, **गुरुवार** बीकानेर, 24 अक्टूबर 2024

© www.devendravani.com

अपनी खबरों को प्रकाशित करवानें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करे।
8949456440

## साहित्य अकादेमी द्वारा सच्चिदानंद जोशी के साथ कथा-संधि कार्यक्रम का आयोजन




**देवेन्द्र वाणी बीकानेर**

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादेमी के कार्यक्रम 'कथा-संधि' के अंतर्गत प्रख्यात कथाकार सच्चिदानंद जोशी ने अपनी दो कहानियों का पाठ किया। उन्होंने सर्वप्रथम 'वन योगिनी' कहानी सुनाई, जो एक आदिवासी लड़की की संघर्षमय यात्रा पर आधारित थी, जिसने जिलाधिकारी का पद हासिल किया। इस कहानी में एक अध्यापक की तंजभरी टिप्पणी ने उसकी सफलता की प्रेरणा दी थी। दूसरी कहानी 'ऑल द बेस्ट' में उन्होंने एक अधिकारी परिवार और उनके गार्ड के बीच के संबंधों को बारीकी से उजागर किया। कार्यक्रम के दौरान जोशी ने अपनी लेखन यात्रा के अनुभव भी साझा किए और बताया कि उनकी मां, कथाकार मालती जोशी, उनके लिए प्रेरणा स्रोत रहीं। कार्यक्रम का संचालन अकादेमी के उपसचिव देवेंद्र कुमार देवेश ने किया।